>

Title : Need to operate Sone Lift Canal at full capacity to provide water to Dogia and Ahrora dams and complete the Bansagar Project for meeting the irrigation needs of the farmers of Mirzapur, Uttar Pradesh.

श्री बाल कुमार पटेल (मिर्ज़ापुर): विगत सात वर्षों से पर्याप्त वर्षा न होने से किसान सूखे से प्रभावित हैं। आजीविका का मुख्य साधन कृषि होने के कारण सिंचाई के अभाव में विषम स्थिति उत्पन्न है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र मिर्जापुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जलाभाव के कारण किसान बेकार हैं। यदि सोन लिफ्ट को पूरी क्षमता से चलाकर डोंगिया बांध व अहरौरा बांध को पानी उपलब्ध करा दिया जाये तो 175 ग्रामों की उपजाऊ कृषि भूमि को अहरौरा मेन कैनाल व गरई प्रणाली की नहरों के माध्यम से पानी मिल जायेगा और किसान मजदूर अपनी आजीविका में लगे रहेंगे, मुख्य धारा से विरत नहीं होंगे। बाण सागर नहर परियोजना के तृतीय चरण, जिसमें जरगो बांध से हुसैनपुर बीयर को जोड़ने के लिए 13.50 कि0मी0 की सिंचाई कार्य योजना, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा बनाई गई थी, को वर्ष 2006 में रोक दिया गया, जिससे सिंचाई समस्या का वास्तविक समाधान अवरूद्ध सा हो गया है। अतः पूर्व की भांति सोन लिफ्ट कैनाल को पूर्ण क्षमता से चलाकर डोगिया व अहरौरा डैम को पानी उपलब्ध करवाना तथा बाण सागर परियोजना के तृतीय चरण को पूरा कराकर स्थाई समस्या का निदान अत्यंत आवश्यक है।